# मतदान का दिन 25.11.2023

## वास्तविक मतदान से 90 मिनट पहले मॉक पोल करें

- बीयू और वीवीपीएटी को वास्तविक वोटिंग कम्पार्टमेंट में रखें, वीवीपैट बीयू के बाईं ओर होना चाहिए
- सीयू को मतदान अधिकारी के टेबल पर रखें, बीयू के केबल को वीवीपैट से और वीवीपैट के केबल को सीयू से कनेक्ट करें।
- नियंत्रण इकाई CU को चालू करने से पहले वीवीपैट के पेपर रोल नॉब को खड़ा करे / अनलॉक करे (काम करने की स्थिति,)
- मॉक पोल के दौरान न्यूनतम 50 वोट दर्ज करे (यह सुनिश्चित करे कि नोटा सहित प्रत्येक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के लिए कुल वोट दर्ज किए गए हैं)
- मॉक पोल को बंद करने के लिए सीयू का क्लोज बटन दबाएं और मॉक पोल का परिणाम जानने के लिएCU का RESULT बटन दबाएँ।
- VVPAT डिब्बे से मॉक पॉल की पर्चियां निकालें और CU के परिणाम से मिलान करे
- मॉक पोल सर्टिफिकेट तैयार करे( पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट भाग -1)
- सीयू से मॉक पोल परिणाम साफ़ करने के लिए सीयू का क्लियर बटन दबाएं और मतदान एजेंटों को '0' वोट दिखाएं।
- मॉक पोल वीवीपैट स्लिप पर 'मॉक पोल स्लिप' की मुहर लगाएं और काले लिफाफे में रखें। लिफाफे को गुलाबी पेपर सील से सील करें

### ▶▶ ▶▶ मॉक पोल के बाद सीयू एवं वीवीपैट को सील करना

- सील करने से पहले सीयू बंद कर दें
- सीयू के आंतरिक और बाहरी दरवाजों को हरे पेपर सील, विशेष टैग और एड्रेस टैग से सील करें
- वीवीपैट के ड्रॉप बॉक्स (वीवीपैट स्लिप कंपार्टमेंट) को एड्रेस टैग से सील करें।

### ▶▶ ▶▶ वास्तविक मतदान की शुरुआत ☼

- नियंत्रण इकाई चालू करें
- शून्य वोट की पुष्टि करने और मतदान एजेंटों को दिखाने के लिए सीयू का टोटल बटन दबाएं
- फॉर्म 17क (मतदाताओं के लिए रजिस्टर) में पहले मतदाता के हस्ताक्षर करने से पहले, मतदान अधिकारी-2 व पीठासीन अधिकारी सीयू का टोटल बटन दबाकर शून्य वोट की पुष्टि करने के पश्चात फॉर्म 17क में रिकॉर्ड करेगा (.लिखेगा ) कि "नियंत्रण इकाई में कुल की जांच की गई और शून्य पाया गया"

### ▶▶ ▶▶ मतदान प्रक्रिया का समापन

- सीयू का CLOSE बटन दबाएं
- सीयू में कुल डाले गए वोटों और मतदान प्रारंभ समय (पीएसटी) और मतदान समाप्ति समय (पीईटी) को नोट करने के लिए सीयू का टोटल बटन दबाएं।
- बीयू की केबल को वीवीपैट से और वीवीपैट केबल को सीयू से डिस्कनेक्ट करने से पहले सीयू को बंद कर दें
- वीवीपैट से पावर पैक (बैटरी) निकालें बीयू, सीयू और वीवीपीएटी को उनके संबंधित कैरी केस में रखें और प्रत्येक कैरी केस को सील करें

### What not to do क्या नहीं करे ▶▶ Mock poll मोकपोल के समय

- यदि एक या कोई चुनाव एजेंट मौजूद नहीं है तो मॉक पोल शुरू न करें। 15 मिनट तक प्रतीक्षा करें.
- कम से कम 50 वोट डाले बिना मॉक पोल बंद न करें
- सीयू से मॉक पोल डेटा साफ़ किए बिना और वीवीपैट के ड्रॉप बॉक्स से मॉक वीवीपैट पर्चियां निकाले बिना वास्तविक मतदान शुरू न करें।
- वीवीपैट मॉक पर्चियों को बिना मोहर (सील) लगाए न रखें।
- जब मॉक पोल चल रहा हो तो सीयू को बंद और चालू न करें।
- जब मॉक पोल चल रहा हो तो केबल को डिस्कनेक्ट या कनेक्ट न करें।

### What not to do क्या नहीं करे ▶▶ Actual poll वास्तविक मतदान के समय

- जब वास्तविक मतदान चल रहा हो तो सीयू को स्विच ऑफ और ऑन न करें।
- जब वास्तविक मतदान चल रहा हो तो केबल को डिस्कनेक्ट या कनेक्ट न करें।
- जब केवल वीवीपीएटी या सीयू/वीवीपीएटी/बीयू का पावर पैक बदला गया हो तो मॉक पोल न करें।

### What not to do क्या नहीं करे ▶▶ Closing of poll मतदान बंद के समय

- मतदान बंद होने के अधिसूचित समय या मतदान पूरा होने से पहले सीयू को बंद न करें, CLOSE बटन न दबाएं।
- सीयू को बंद किए बिना केबल न हटाए ।
- मतदान समाप्ति के बाद वीवीपैट का पावर पैक वीवीपैट में न छोड़ें।
- मतदान के बाद मतदान एजेंटों के हस्ताक्षर और सीलिंग के बिना कोई भी कार्य बाकी न छोड़ें।
- संग्रहण केन्द्र पर मतदान सामग्री जमा करने के लिए निर्धारित वाहन के अलावा किसी अन्य वाहन का उपयोग न करें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ( कलक्टर ) राजसमन्द

## विधानसभा आम चुनाव-2023

# MOCK POLL
# (बनावटी मतदान)

### मॉक पोल वास्तविक मतदान से पूर्व MOCK POLL (बनावटी मतदान) करना अनिवार्य है

▶मॉक पोल वास्तविक मतदान से पूर्व 90 मिनट पहले करेंगे।

▶25 नवंबर 2023 प्रातः 5:30 बजे मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू करेंगे ।

▶हमने यह सुनिश्चित कर लिया है कि हमारी BU बैलेट यूनिट VVPAT से और VVPAT कंट्रोल यूनिट CU से आपस में जुड़ी हुई है।

•कम से कम दो मतदान अभिकर्ता उपस्थित हो गए हैं। हम मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

•यदि नहीं हुए हैं तो 15 मिनट का हम इंतजार करेंगे। 5:45 तक यदि न्यूनतम दो मतदान अभिकर्ता उपस्थित हो जाते हैं तो ठीक अन्यथा हम स्वयं अपनी पोलिंग पार्टी के साथ मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

▶सर्वप्रथम हम VVPAT वीवीपेट को आन करेंगे यानी अनलॉक करेंगे /उसके स्विच को खड़ा कर देंगे

•मतदान अभिकर्ता को VVPAT वीवीपेट स्लिप ड्रॉप बॉक्स को दिखाएंगे कि वह पूर्ण रूप से खाली है।

•अब हम कंट्रोल यूनिट को चालू करेंगे। कंट्रोल यूनिट के चालू होते ही हम सर्वप्रथम क्लियर बटन दबाएंगे।

▶ अब हम BALLOT बटन दबाकर प्रत्येक उम्मीदवार को वोट जारी करेंगे। न्यूनतम 50 वोट जारी करेंगे एवं प्रत्येक उम्मीदवार को नोटा सहित समान मत देंगे।

▶न्यूनतम वोट डालने के पश्चात Total टोटल बटन दबाकर अब तक डाले गए वोटो की संख्या का पता करेंगे।

▶अब हम क्लोज बटन दबाएंगे। इसके पश्चात अब हम रिजल्ट बटन दबाकर परिणाम की जांच करेंगे। कंट्रोल यूनिट द्वारा जारी परिणाम को हम एक कागज पर नोट करते जाएंगे और साथ ही VVPAT के स्लिप बॉक्स से मॉक पोल की समस्त पर्चियां को निकाल कर उम्मीदवार के अनुसार जमा देंगे।

• 7 पर्चिया जो तकनीकी कारणों से प्रिंट PRINT हुई है उन्हें अलग रख देंगे और समस्त उम्मीदवारों का परिणाम आपस में (CU और VVPAT की पर्चिया) मिलान करेंगे।

▶परिणाम से संतुष्ट होने के पश्चात अब हम कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबाकर मॉक पोल का डाटा क्लियर करेंगे एवं टोटल बटन दबाकर देखेंगे की " 0 " शून्य मत दर्ज हैं।

▶▶ अब हम CU कंट्रोल यूनिट को स्विच ऑफ अर्थात बंद कर देंगे।

•• सबसे पहले के VVPAT वीवीपेट स्लिप ड्रॉप बॉक्स को सील करेंगे।

♣♣♣ इसके पश्चात कंट्रोल यूनिट के परिणाम खंड के आंतरिक भाग को ग्रीन पेपर सील और स्पेशअल टेग से एवं बाह्य भाग को एड्रेस टैग से सील करेंगे।

▶▶ मॉक पोल के समय की VVPAT वीवीपेट द्वारा जारी समस्त के पीछे मॉक पोल की छाप लगाकर इन सभी पर्चिया को काले लिफाफे में पेक कर देंगे और पिंक PINK पेपर सील से सील कर देंगे।

▪ अब हम पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट भाग 1 मॉक पोल का प्रमाण पत्र तैयार करेंगे।

● नियत समय 7:00 AM बजे हम CU कंट्रोल यूनिट को " ON " कर वास्तविक मतदान की प्रक्रिया शुरू करेंगे।